विशाखापत्तनम में जानलेवा स्टिरीन गैस का रिसाव वाली कम्पनी का 'हिंदुस्तान पॉलिमर' से एलजी पॉलिमर इंडिया तक का सफर, फिर आयी भोपाल गैस त्रासदी की याद

बिहार में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में लगातार इजाफा, मरीजों की संख्या बढ़कर 556, बिहार के 33 जिलें कोरोना के जद में

भारत में अब तक कोरोना वायरस से तकरीबन 56 हजार से अधिक लोग संक्रमित, जबकि 1886 लोगों की मौत, 24 घंटे में लगभग 3300 से अधिक नये मामले

रामायण में सीता का रेल निभाने वाली दीपिका चिखलिया अब स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडु के किरदार में नजर आएंगी



# युवराज न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

RNI:- BIHHIN05409

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 08+08 तिथि : 08 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in


# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :

## विशाखापत्तनम में जानलेवा स्टिरीन गैस का रिसाव वाली कम्पनी का 'हिंदुस्तान पॉलिमर' से एलजी पॉलिमर इंडिया तक का सफर, फिर आयी भोपाल गैस त्रासदी की याद



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,



विशाखापत्तनम में जानलेवा स्टिरीन गैस का रिसाव जिस एलजी पॉलिमर इंडिया के कारखाने से हुआ वह दक्षिण कोरिया की रसायन कंपनी एलजी केम की अनुषंगी कंपनी है. एलजी केम ने एक स्थानीय कंपनी का अधिग्रहण कर 1997 के दौरान भारत के इस क्षेत्र में कारोबार शुरू किया था. कंपनी के कारखाने से गैस रिसाव की घटना में 11 लोगों की मौत हो चुकी है तथा सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हैं. कंपनी के इस वाइजैग संयंत्र में पॉलीस्टिरीन (चै) का विनिर्माण किया जाता है, जिसका खानपान सेवा उद्योग में काफी इस्तेमाल होता है. इस रसायन का इस्तेमाल प्लास्टिक के एक बार इस्तेमाल करने वाले ट्रे और कंटेनर, बर्तन, फोम्ड कप, प्लेट और कटोरे आदि बनाने में होता है. इन्हें एक बार इस्तेमाल करने के बाद फेंक दिया जाता है.

जानकार सूत्रों के अनुसार, एलजी पॉलिमर इंडिया प्राइवेट लि. मिटेड की विशाखापत्तनम फैक्ट्री को लॉकडाउन के बाद फिर से खोलने के लिए गुरुवार को तैयार किया जा रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई. कंपनी के कर्मचारी परिचालन को फिर से शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, तभी शुरुआती घंटों में गैस का रिसाव होने लगा. कहा जा रहा है कि जब रिसाव हुआ, तब स्टोरेज टैंक में करीब 1,800 टन स्टिरीन गैस थी. स्टेबिलिटी और टेंपरेचर में बदलाव के कारण स्टिरीन खुद ही पॉलीमराइजेशन हो सकता है, जिसके कारण वाष्पीकरण हो सकता है.

कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, इसकी स्थापना श्रीराम ग्रुप के द्वारा 1961 में विशाखापत्तनम में पॉलीस्टिरीन और इसके सह–पॉलिमर निर्माण के लिए 'हिंदुस्तान पॉलिमर' के रूप में की गयी थी. बाद में 1978 में यूबी ग्रुप के मैकडॉवेल एंड कंपनी लिमिटेड के साथ इसका विलय हो गया.

एलजी केम ने आक्रामक ग्लोबल ग्रोथ स्कीम्स के तहत भारत को महत्वपूर्ण बाजार मानते हुए जुलाई 1997 में हिंदुस्तान पॉलिमर का अधिग्रहण किया और जुलाई 1997 में इसका नाम बदलकर एलजी पॉलिमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एलजीपीआई) कर दिया.

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कारखाने को पिछले साल 222.8 अरब वॉन (18.18 करोड़ डॉलर) का राजस्व और 6.3 अरब वॉन का शुद्ध लाभ हुआ था. बिक्री के मामले में मूल कंपनी एलजी केम 2017 में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी रासायनिक कंपनी थी. स्टिरीन गैस एक ज्वलनशील तरल है, जिसका उपयोग पॉलीस्टिरीन प्लास्टिक, फाइबर ग्लास, रबर और लेटेक्स बनाने के लिए किया जाता है. विशाखापत्तनम कारखाने में दुर्घटना ने उद्योग में रसायनों के अनुचित रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिये हैं और दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदा 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की याद दिला दी है.

## तेलंगाना सरकार की अनुरोध पर खगड़िया से 226 मजदूरों को भेजा बिहार सरकार ने, उप मुख्यमंत्री ने कहा लॉकडाउन ने विकसित राज्यों को बिहार की श्रम शक्ति का एहसास कराया



तेलंगाना सरकार की अनुरोध पर खगड़िया से 226 मजदूर चावल मिलों में काम करने के लिए गुरुवार को तेलंगाना के लिए रवाना हो गये. तेलंगाना सरकार ने बिहार चावल मिलों में काम करने वले इन काम पर रखना चाहती है. वहां की मजदूर चावल मिलों में नोकरी के लिए कुमार मोदी ने ट्वीट कर यह जानकारी पर इस पर खगड़िया से 226 मजदूरों की लॉकडाउन ने विकसित राज्यों को बिहार उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र, में निर्माण कार्य आरंभ हो गये हैं. वहां काम करने का निर्णय लिया है. उन्होंने मजदूरों को जबरन रोका जा रहा है. स्पेशल ट्रेनें चलने लगीं, तब किसी सरकार को संदेश दिया था कि वहां की मजदूरों को पहले से अधिक मजदूरी देकर सरकार की अनुरोध पर खगड़िया से 226 तेलंगाना रवाना हुए. उप मुख्यमंत्री सुशील दी. उन्होंने तेलंगाना सरकार की अनुरोध रवनागी पर खुशी जाते हुए कहा कि की श्रम शक्ति का एहसास करा दिया. पंजाब, गुजरात औ कर्नाटक में बड़ी संख्या रह रहे अधिकतर मजदूरों ने वहीं रह कर कहा कि यह भ्रामक खबर है कि बिहार के कहा कि बिहार के अनुरोध पर जब श्रमिक मजदूर को न कहीं जबरस्ती रोका जा सकता है, न जबरन वापस भेजा सकता है. कर्नाटक में भी किसी को रोका नहीं गया, इसलिए बंगलुरू से दो ट्रेनें बिहार आ चुकी हैं. राज्य सरकार ने मजदूरों की वापसी के लिए आठ और स्पेशल ट्रेन के लिए स्वीकृति दी है.

## बिहार में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में लगातार इजाफा, मरीजों की संख्या बढ़कर 556, बिहार के 33 जिलें कोरोना के जद में



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




बिहार में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है पर राज्य में में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम हुई है. शुक्रवार को राज्य के में 6 नये कोरोना पॉजिटिवों की पहचान हुई है, जिससे पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 556 हो गयी है. इधर, पॉजिटिव मरीजों के ठीक होने की संख्या भी बढ़ रही है. राज्य के विभिन्न अस्पतालों से संक्रमित होनेवाले अब तक 246 स्वस्थ होकर घर लौट गये हैं. इस महामारी का प्रसार राज्य के 32 जिलों तक हो चुका है. केवल छह जिले ही इसकी जद से दूर हैं.

**कोरोना के 6 और नए पॉजिटिव मामले**

बिहार में कोरोनावायरस के 6 और नए पॉजिटिव मामले सामने आये हैं. सभी मामले समस्तीपुर जिले से हैं. इसके साथ ही राज्य में कुल संख्या बढ़कर 556 हो गयी है. स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव संजय कुमार ने इसकी जानकारी दी.

**बिहार के 33 जिलें कोरोना के जद में**

कोरोना बिहार के 38 में से 33 जिलों तक पांव पसार चुका है. अब तक केवल पांच जिले ही इस महामारी से बचे हुए हैं. ये जिले हैं– सुपौल, खगड़यिा, मुजफ्फरपुर, सहरसा, और जमुई.


NEWS TODAY Update | न्यूज़ टुडे | Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in | राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


कोरोना स्पेशल

## भारत में अब तक कोरोना वायरस से तकरीबन 56 हजार से अधिक लोग संक्रमित, जबकि 1886 लोगों की मौत, 24 घंटे में लगभग 3300 से अधिक नये मामले



सुनील चौधरी,
संवाददाता,



दुनिया के साथ–साथ भारत में भी कोरोना वायरस का आतंक जारी है. भारत में अब तक कोरोना वायरस से तकरीबन 56 हजार से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं, जबकि 1886 लोगों की मौत हो चुकी है. बीते 24 घंटे में लगभग 3300 से अधिक नये मामले सामने आये हैं. वहीं डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अध ाोनम ने बताया कि अप्रैल में प्रत्येक दिन तकरीबन 80 हजार केस पूरी दुनिया में सामने आया है. दुनिया भर में कोरोना से लगभग 37 लाख लोग संक्रमित हैं. वहीं अभी तक 2.54 लाख लोग दम तोड़ चुके हैं. इसी बीच भारत के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने आशंका जाहिर किया है कि देश में जून–जुलाई के महीने में कोरोना वायरस का संक्रमण चरम पर होगा.

**24 घंटे में 3300 से अधिक नये केस**

देश में 24 घंटे में कोरोनावायरस से 103 लोगों की मौत हो चुकी है. स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में कोरोना मरीजों की संख्या अब 56342 हो गयी है. 24 घंटे में 3300 से अधिक नये केस सामने आये हैं.

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रेड क्रॉस मोतीहारी में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा ब्लड डोनेशन चलाया गया प्रोग्राम



अफजल आलम
न्यूज टुडे,



आज विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रेड क्रॉस मोतीहारी में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा ब्लड डोनेशन प्रोग्राम चलाया गया जिसमें संस्था के अध्यक्ष अनिरुद्ध लोहिया समेत 11 व्यक्तियो ने रक्तदान किया. कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सह रेड क्रॉस मोतीहारी के अध्यक्ष कपिल अशोक शीर्षत एवं पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार झा ने संयुक्त रुप से किया.
मोतीहारी रेड क्रॉस में प्रथम आगमन पर सभापति श्रीप्रकाश चौधरी ने प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार, कैप्टन हमीद, धर्मवर्धन प्रसाद एवं दिलीप कुमार की उपस्थिति में दोनों अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया. अध्यक्ष श्री शीर्षत ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया एवं युवाओं से इस संबंध में बिशेष अनुरोध किया.
पुलिस अधीक्षक श्री झा ने भी रेड क्रॉस दिवस पर मुवमेंट से जुड़े लोगों को बधाई दी. रेड क्रॉस भवन का निरीक्षण करने के पश्चात दोनों अधिकारी श्रमिक स्पेशल ट्रेन के आगमन पर की जा रही तैयारी का जायजा लेने स्टेशन रवाना हो गये.

## जैसे ही बापूधाम रेलवे स्टेशन पर कोटा छात्र स्पेशल ट्रेन पहुंची, भरभराई आखों के सामने तैरते दिखे कई सपने



रिंकू गिरी,
संवाददाता



गुरुवार की अहले सुबह के 5 बजकर 35 मिनट पर जैसे ही बापूधाम रेलवे स्टेशन पर कोटा छात्र स्पेशल ट्रेन पहुंची, मानो कई सपने आंखों के सामने तैरते दिखे। ट्रेन के पहुंचते ही वहां मौजूद लोगों व छात्र–छात्राओं की खुशी देखने लायक थी। खुशी इतनी की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेशन गुंजायमान हो गया।

क्या अधिकारी व क्या कर्मचारी, क्या मीडिया, ट्रेन में बैठे छात्र–छात्राएं सभी ने एक दूसरे को तालियों से स्वागत व खैरमकदम किया। छलकी आंखों से एक ओर जहां सभी छात्र अपने परिजनों को स्टेशन पर ढूंढ रहे थे। वही जिले के आलाधिकारी उनके अभिभावक के रूप में मौजूद थे। वे उन्हें फूल देकर सकुशल घर आने की शुभकामनाएं दे रहे थे।

बाहर बसों की लंबी कतार लगी थी। तो चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान। सुरक्षा ऐसी की परिदा भी पर नहीं मार सके। जिले के कर्मठ कोरोना वारियर्स बच्चो के स्वास्थ्य की जांच में जुटे थे। किसी बच्चे ने कभी सपने में भी नही सोचा होगा कि जब वे आज अपने घर में कदम रखेंगे तो उनकी आगवानी के लिए उनके परिजनों के बदले जिले के वरीय अधिकारियों की फौज खड़ी होगी व वे उनका स्वागत करेंगे। बाहर प्रशासन की तरफ से छात्रों के नाश्ता पानी की मुक्कमल व्यवस्था थी। ताकि कोई बच्चा भूखा घर नहीं जाए।

## रामायण में सीता का रेल निभाने वाली दीपिका चिखलिया अब स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू के किरदार में नजर आएंगी



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




लॉकडाउन में जनता की मांग पर दूरदर्शन पर रामानंद सागर की रामायण को दोबारा से प्रसारित किया गया. जिसके कारण इसमें राम, लक्ष्मण, सीता और रावण का किरदार निभाने वाले कलाकार एक बार फिर पॉपुलर हो गए हैं. इसमें सीता का रोल निभाने वाली दीपिका चिखलिया ने लोगों के दिलों में एक खास जगह बना ली. अब दीपिका स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी. उन्होंने इस बायोपिक का फर्स्ट लुक भी शेयर किया है.

दीपिका चिखलिया ने इसकी जानकारी खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है. वह इस पर काम भी कर रही हैं. इस फिल्म में वह स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी. उन्होंने इस बायोपिक का फर्स्ट लुक भी शेयर किया है. इस लुक में वह सरोजनी नायडू के किरदार में दिखाई दे रही हैं. इस तस्वीर में कुछ सोचती हुई नजर आ रही हैं. इस पोस्टर में टैगलाइन लिखी हुई है: ''स्वतंत्रता की नायिका की एक अनकही कहानी.''
पोस्टर में दीपिका मेन फेस में हैं और उनके साथ हजारों की संख्या में लोग दिख रहे हैं. सरोजनी के डायरेक्टर धीरज मिश्रा हैं. इस फिल्म को आकाश नायक और धीरज मिश्रा ने डायरेक्ट कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर ये पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है. फैंस इसमें दीपिका चलिखलिया के नये लुक को काफी पसन्द कर रहे हैं.

इससे पहले टेली टॉक से बातचीत में दीपिका चलिखलिया ने कहा था, 'मुझे लगता है कि हमें इसके लिए रॉयल्टी मिलनी चाहिए. मुझे लगता है कि नाम तो बहुत हुआ है, सम्मान और प्रतिष्ठा भी मिली. लेकिन लोगों को यह समझना चाहिए कि इसकी भी जरूरत है.' वहीं, अरुण गोविल ने 'रामायण' में की गई मेहनत का हवाला दिया. उन्होंने कहा, 'इसमें कोई गलत बात नहीं है. रॉयल्टी मिलनी चाहिए. खासकर तब जब यह सीरियल कमर्शियली इतना अच्छा कर रहा है.'

## ब्रावो फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री वितरण का सिलसिला लगातार जारी



सम्राट, संवाददाता




वैश्विक महामारी कोरोना से जंग में ब्रावो फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदो के बीच लगातार खाद्य सामग्री का वितरण जारी है।ब्रावो फार्मा के चेयरमैन एवम ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक राकेश पांडेय के निर्देश पर फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों के द्वारा चिन्हित जरूरत मंद परिवारों को शहर के नकछेड टोला, मठिया जिरात, एन एच–28 छतौनी चौक, जॉर्ज ऑरवेल के जन्मस्थली रमना के पास झुग्गियों में खाद्य सामग्री के पैकेट वितरण के साथ साथ शुक्रवार को बलुआ टाल वार्ड नं 28 में कुशवाहा छात्रावास के पास एवम उगम पांडेय महाविद्यालय के सामने मुहल्ले में वार्ड पार्षद छोटू शुक्ला के उपस्थित में जरूरतमंद चिन्हित परिवारों को खाद्य सामग्री का पैकेट दिया गया। जो असंगठित मजदूर, दिहाड़ी मजदूर,घरेलू कामगार महिलाएं, रिक्शा चालक एवम ठेला चालक हैं।

श्री पांडेय के ब्रावो फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों अजय सिंह'काजू', नीरज कुमार, राहुल आर पांडेय, जितेन्द्र गिरी, राजेश रंजन, वीरेंद्र प्रसाद साहू, उपेन्द्र पटेल, विनोद प्रियदर्शी, प्रियांशु कुमार, आकाश कुमार, दीपक कुमार, विशाल कुमार, प्रदीप पटेल व अभय कुमार के द्वारा लगातार इस वैश्विक महामारी कोरोना के वक्त सामाजिक कार्यो का बखूबी अंजाम दिया जा रहा है एवम लॉक डाउन के चलते गरीब व मजबूर परिवारों को चिह्नित कर उन्हें हरसंभव मदद किया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि इस प्रकार का सहयोग लगातार लॉक डाउन के दौरान चलता रहेगा जिसको ब्रावो फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों द्वारा चिन्हित परिवारों को मिलता रहेगा।

ज्ञात हो कि ब्रावो फाउंडेशन के द्वारा श्री पांडेय के निर्देशानुसार लगातार लॉक डाउन के द्वारा जरूरतमंदों के बीच लगातार खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है ताकि अपने चम्पारण का कोई भी व्यक्ति खाद्य सामग्री के अभाव में भूखे न रहे जिसकी चारो ओर सराहना किया जा रहा है एवम लाभान्वित लोग श्री पांडेय को दुआएं दे रहे हैं।

श्री पांडेय ने आगे कहा कि हम सभी की महती जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने समाज एवम आस पास ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका कष्ट अवश्य दूर करें। श्री पांडे ने सोसल डिस्टेंसिंग एवम लॉक डाउन का पालन करने के लिए समाज के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से डरने का नही बल्कि हिम्मत से लड़ने की आवश्यकता है।


Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830